कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-04.03.2025

विषय:- चोरी करने का प्रयास करते हुये कुल 04 नफ़र अभियुक्तागण थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार।

दिनांक-03.03.2025 को श्री चंद्रप्रकाश निवासी 5-26/42 D मीरापुर बसही थाना थाना शिवपुर जनपद वाराणसी जो सर्ववेद मंदिर में घूमने-दर्शन के लिए अपने परिवार के साथ पहुँचे थे, इस दौरान एक महिला ने उनकी बहन के पर्स से चोरी का प्रयास किया, जिसे उन्होंने रंगे हाथो पकड़ लिया और इसके बाद उनके द्वारा थाना चौबेपुर पुलिस को सूचना दी गई। सीसीटीवी फुटेज देखने से ज्ञात हुआ की इनका पूरा गिरोह साथ है। जिसके उपरान्त चोरी करने का प्रयास करने वाली 02 महिलाओं को मौके से पकड़ा गया, जब कि उनके गिरोह की 02 अन्य महिलायें जो वहाँ से हटकर बाहर निकल गयी थी, इन्हे भी बाद में थाना चौबेपुर पुलिस द्वारा पुलिस हिरासत में लेते हुए उक्त 04 नफ़र अभियुक्तागण को नियमानुसार थाने पर लाया गया। जिसके सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना चौबेपुर में मु0अ0सं0-0133/2025 धारा 303(2),62 बी0एन0एस0 पंजीकृत करते हुए अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तागण का विवरण- कुल 04 नफ़र अभियुक्तागण।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 0133/2025 धारा 303(2),62 बी0एन0एस0 थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्र0नि0 जगदीश कुशवाहा थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 अवधेश कुमार थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 अनिल कुमार थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. म0उ0नि0 पूजा गुप्ता थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 सुरेन्द्र यादव थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।